CS (Main) Exam,2019

वियोज्य DETACHABLE

# मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र II)

# PSYCHOLOGY (Paper II)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे*
*Time Allowed : Three Hours*

*अधिकतम अंक : 250*
*Maximum Marks : 250*

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोइ पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :

Answer the following in about 150 words each :

1.(a) यद्यपि वैधता को प्रायः विश्वसनीयता की आवश्यकता होती है, यह उलटा सही नहीं होता है। व्याख्या कीजिए।

Even though validity often requires reliability, the reverse is not true. Explain. 10

1.(b) "यदि आप यह स्वीकार करते हैं कि अध्ययन प्राकृतिक रूप से नहीं होता है, तो यह स्पष्ट है कि यथेष्ट अध्ययन को प्रोत्साहित करने हेतु किसी को सुव्यवस्थित कार्ययोजना स्थापित करने की आवश्यकता होगी।" इस वक्तव्य पर टिप्पणी कीजिए तथा महत्त्वपूर्ण उपायों पर प्रकाश डालिए।

"If you accept that studying does not come naturally, then it is apparent that one should need to set-up an organized schedule to promote adequate study." Comment on this statement and highlight the important steps. 10

1.(c) शैक्षिक प्रदर्शन को सकारात्मक या नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकने वाले कारकों का वर्णन कीजिए।

Describe factors that may positively or negatively affect academic performance. 10

1.(d) विवेचना कीजिए कि मीडिया में समावेशित समाचार हमें क्यों और कैसे प्रभावित करते हैं।

Discuss why and how news coverage in the media affects us. 10

1.(e) सफल जरण क्या है ? सफल जरण के संघटक क्या हैं ?

What is successful aging ? What are the components of successful aging ? 10

2.(a) व्याख्या कीजिए कि क्यों समूह सदस्यता का सामाजिक व्यवहारों एवं निर्णयों पर एक शक्तिशाली प्रभाव हो सकता है।

Explain why group membership can have a powerful influence on social behaviours and decisions. 15

2.(b) मीडिया में हो रहे द्रुतगामी परिवर्तनों, विशेषतः इंटरनेट और स्मार्टफोनस्, की स्थिति में किशोरवयों पर इनके मनोवैज्ञानिक प्रभाव की विवेचना कीजिए।

Given the rapid changes that are taking place in the Media, specially the internet and smartphones, discuss the psychological impact of these on adolescents. 15

2.(c) चिकित्सा का कोई भी एक प्रकार प्रत्येक समस्या में सर्वोत्तम रूप में कार्य क्यों नहीं करता है ? एक संकलक उपागम कैसे इसका एक उत्तर है ?

Why no single form of therapy works best for every problem ? How an eclectic approach is an answer to it ? 20

3.(a) पूर्वाग्रह और भेदभाव में क्या अन्तर है ? हम आज पूर्वाग्रह के जिन नये रूपों को देख रहे हैं उनकी विवेचना कीजिए।

What is the difference between prejudice and discrimination ? Discuss the newer forms of prejudice that we see today. 15

3.(b) एक रोगी के नैदानिक अवसाद के कारण को संज्ञानात्मक चिकित्सा कैसे व्याख्या करेगी तथा उपचारार्थ चिकित्सा उपागम क्या होगा ?

How would cognitive therapy explain the cause for clinical depression of a client and what would be the therapeutic approach followed for the treatment ? 15

3.(c) शोध के आलोक में, सामाजिक विवादों के समाधान के तरीकों की विवेचना कीजिए ।

In the light of research, discuss the ways in which social conflicts can be resolved. 20

4.(a) एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण निर्मित करने की प्रक्रिया में कोई समन्वेषी कारक विश्लेषण या पुष्टि कारक विश्लेषण या एक समन्वित उपागम के उपयोग सम्बन्धी निर्णय कैसे लेगी/लेगा ?

How can one make a decision of using exploratory factor analysis or confirmatory factor analysis or an integrated approach while constructing a psychological test ? 15

4.(b) नार्सिसीय व्यक्तित्व विकार को एक व्यक्तित्व विकार के रूप में क्यों माना जाता है ? इस प्रकार के रोगियों के उपचार में चिकित्सकों द्वारा किन अवरोधों का सामना करना पड़ता है ?

Why is Narcissistic personality disorder considered as a personality disorder ? What are the obstacles faced by the clinicians to treat these types of clients ? 15

4.(c) विभिन्न मनोवैज्ञानिक उपागमों द्वारा मनोद्रव्य दुरूपयोग की व्याख्या कैसे की जा सकती है ? पुनर्वसन प्रक्रिया कैसे मनोद्रव्य दुरुपयोग में संलिप्त व्यक्तियों की सहायता कर सकती है ?

How can substance abuse be explained through different psychological approaches ? How can rehabilitation process help the people indulging in substance abuse ? 20

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :

Answer the following in about 150 words each :

5.(a) "कार्मिक चयन में मनोवैज्ञानिक परीक्षण महत्त्वपूर्ण होते हैं ।" इसके कारण दीजिए और सामान्यत: प्रयोग किए जाने वाले मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का वर्णन कीजिए ।

"Psychological tests are important in personnel selection." Give reason to it and describe which psychological tests are generally used. 10

5.(b) अधिगम तथा प्रशिक्षण में विभेद कोई कैसे कर सकता है ? समुपयुक्त उदाहरण देते हुए किन्हीं दो कार्यपालक प्रशिक्षण विधियों की विवेचना कीजिए ।

How can one differentiate between learning and training ? Discuss any two executive training methods giving suitable examples. 10

5.(c) प्रासंगिक शोध उद्धृत करते हुए उपलब्धि अभिप्रेरण का उद्यमीय व्यवहार के साथ सम्बन्ध की विवेचना कीजिए ।

Discuss the relationship of achievement motivation to entrepreneurial behaviour, citing relevant research. 10

5.(d) समुदाय कैसे महिलाओं को संरक्षा प्रदान करने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है ? विवेचना कीजिए ।

How can community play an important role in providing safety to women ? Discuss. 10

5.(e) समूह प्रदर्शन बढ़ोतरी में समूह संसंजन विधि कैसे एक सशक्त मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेप हो सकती है ?

How can group cohesion method be a strong psychological intervention in enhancing the team performance ? 10

6.(a) सुविधावंचित समूहों के शिक्षार्थियों में उपलब्धि अभिप्रेरण को प्रभावित करने वाले सामाजिक-संवेगात्मक कारकों की विवेचना कीजिए।

Discuss socio-emotional factors affecting achievement motivation among students from disadvantage groups. 15

6.(b) मनोवैज्ञानिक कल्याण को स्वास्थ्य के एक आवश्यक कारक के रूप में क्यों माना जाता है ? किन विभिन्न तरीकों से इसे बढ़ाया जा सकता है ?

Why is psychological wellbeing considered as an essential factor of health ? What are the different ways it can be enhanced ? 15

6.(c) हर्ज़बर्ग के द्विकारक अभिप्रेरण सिद्धान्त का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए और यह बताइए कि किस प्रकार हर्ज़बर्ग सिद्धान्त मास्लोवियन सिद्धान्त से भिन्न है ?

Critically examine Herzberg's two-factor theory of motivation and point out that in what way Herzberg's theory is different from Maslowian theory ? 20

7.(a) सामाजिक और आर्थिक सुविधावंचित समूहों के सामान्य मनोवैज्ञानिक परिणामों को बताइए।

Point out the general psychological consequences of social and economic disadvantaged groups. 15

7.(b) विभिन्न अधिगम सिद्धान्तों के माध्यम से समाजविरोधी व्यवहारों पर मीडिया के प्रभावों की व्याख्या कीजिए।

Explain the influence of media towards antisocial behaviour through different learning theories. 15

7.(c) विद्यालयों में बच्चों के लिए एक कल्याणपरक पाठ्यचर्या की एक दृढ़ आवश्यकता है। आप को ऐसी एक पाठ्यचर्या विकसित करने को कहा गया है। ऐसी एक पाठ्यचर्या के केन्द्रबिन्दु और आवश्यक संघटक क्या होंगे ?

There is a strong need for a wellbeing curriculum for children in schools. You are asked to develop such a curriculum. What would be the focus and essential components of such a curriculum ? 20

8.(a) सामाजिक परिवर्तन क्यों आवश्यक है ? सामुदायिक विकास हेतु सामाजिक परिवर्तन उत्पन्न करने के लिए प्रभावी रणनीतियों की विवेचना कीजिए।

"Why is social change necessary ? Discuss the effective strategies to bring about social change for community development. 15

8.(b) "जनसंख्या विस्फोट और उच्च जनसंख्या घनत्व के नकारात्मक मनोवैज्ञानिक परिणाम हैं।" इस वक्तव्य की व्याख्या नकारात्मक मनोवैज्ञानिक परिणामों पर विशेष बल देते हुए कीजिए।

"Population explosion and high population density have negative psychological consequences." Explain this statement especially stressing light on negative psychological consequences. 15

8.(c) "द्रुतगामी वैज्ञानिक और प्रौद्योगिक वृद्धि पर्यावरण के अवनयन हेतु उत्तरदायी हैं, यद्यपि राष्ट्रीय विकास हेतु वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिक विकास हेतु आवश्यक हैं।" उपरोक्त अभिकथन की विवेचना कीजिए और पर्यावरणीय अवनयन को नियन्त्रित करने के लिए युक्तियाँ बताइए।

"Rapid scientific and technological growth are responsible for degradation of environment, although, scientific and technological developments are necessary for National development." Discuss the above assertion and point out the mechanisms for controlling the environmental degradation. 20

---